Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 23 नवंबर, 2021

कनकदास जयंती

22 नवंबर, 2021 को कर्नाटक में 15वीं सदी के कवि, संत तथा समाज सुधारक कनकदास की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कनकदास (1509-1609) कर्नाटक के एक महान कवि और संगीतकार थे। वे कुरुबे गौड़ा समुदाय से संबद्ध थे, जो कि एक योद्धा समूह था। बाद में उन्होंने हरिदास परंपरा की ओर रुख किया और कवि बन गए जिन्होंने कन्नड़ में सुंदर गीतों की रचना की। कनकदास का जन्म वर्ष 1509 में हुआ था और वे कर्नाटक संगीत के 'पितामह' के रूप में प्रसिद्ध 'पुरंदर दास' के समकालीन थे। हरिदास परंपरा में शामिल होने के पश्चात् उनके आध्यात्मिक गुरु 'व्यासराज' द्वारा उन्हें कनकदास नाम दिया गया। वह एक समाज सुधारक थे, जिन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज की बुराइयों, जैसे कि जाति व्यवस्था और विशेषाधिकार तथा गरीबों के बीच विभाजन पर प्रहार किया। कनकदास के लेखन में न केवल भक्ति बल्कि सामाजिक पहलू भी शामिल थे। कई जानकारों का मानना है कि कनकदास एक क्रांतिकारी कवि मानते थे, जिनके 'कीर्तन' आज भी कर्नाटक संगीत का महत्त्वपूर्ण हिस्सा हैं।

यूनेस्को-एबीयू पीस मीडिया अवार्ड्स 2021

दूरदर्शन और आकाशवाणी द्वारा निर्मित क्रमशः टीवी और रेडियो शोज़ को हाल ही में मलेशिया के कुआलालंपुर में आयोजित 'एबीयू- यूनेस्को पीस मीडिया अवार्ड्स-2021' में कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। 'दूरदर्शन' के कार्यक्रम 'डेफिनिटिली लीडिंग द वे' ने 'लिविंग वेल विद सुपर डायवर्सिटी' श्रेणी के तहत पुरस्कार जीता, जबकि 'ऑल इंडिया रेडियो' के कार्यक्रम 'लिविंग ऑन द एज-द कोस्टल लाइव्स' ने 'प्रकृति के साथ नैतिक और सतत् संबंध' की श्रेणी में एक और पुरस्कार जीता। ये पुरस्कार यूनेस्को द्वारा 'एशिया पैसिफिक ब्रॉडकास्टिंग यूनियन' (ABU) के सहयोग से 'टुगेदर फॉर पीस' (टी4पी) पहल के तहत प्रदान किये गए। इन पुरस्कारों का उद्देश्य नागरिक समुदाय के बीच शांति लाने हेतु स्वतंत्र, नैतिक पत्रकारिता और नागरिकों की मीडिया साक्षरता की महत्त्वपूर्ण भूमिका को उजागर करना एवं उसे बढ़ावा देना है। शांति का आशय केवल संघर्ष और युद्ध की समाप्ति से नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण के साथ सम्मानजनक एवं सतत् संबंध रखने वाले न्यायसंगत व निष्पक्ष समाज के निर्माण को भी संदर्भित करती है।

प्रकाश पादुकोण

विश्व प्रसिद्ध भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी 'प्रकाश पादुकोण' को इस वर्ष 'बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन' (BWF) द्वारा प्रतिष्ठित 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' से सम्मानित किया जाएगा। विश्व के पूर्व नंबर वन खिलाड़ी और पहली बार भारतीय विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता 'प्रकाश पादुकोण' ने बैडमिंटन के विकास में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है। वर्ष 2018 में उन्हें 'भारतीय बैडमिंटन संघ' द्वारा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से भी सम्मानित किया गया था। विश्व बैडमिंटन महासंघ (Badminton World Federation- BWF) बैडमिंटन खेल का एक अंतर्राष्ट्रीय शासकीय निकाय है, जिसकी स्थापना वर्ष 1934 में हुई थी।

क्रिप्टोकार्य मुथुवरियाना'

केरल के 'इडुक्की' ज़िले में हाल ही में खोजी गई वृक्ष की एक प्रजाति का नाम क्षेत्र की एक जनजाति के नाम पर रखा गया है। 'क्रिप्टोकार्य मुथुवरियाना' (Cryptocarya Muthuvariana) का नाम 'मुथुवर जनजाति' के सम्मान में रखा गया है। वृक्ष की यह नई प्रजाति 'क्रिप्टोकार्य' जीनस से संबद्ध है। 'लॉरेसी' परिवार से संबंधित 'क्रिप्टोकार्य' जीनस में 300 से अधिक प्रजातियाँ शामिल हैं, जो दक्षिण अमेरिका, दक्षिण अफ्रीका, मेडागास्कर, एशिया, ऑस्ट्रेलिया और ओशिनिया में व्यापक रूप से पाई जाती हैं। 'पश्चिमी घाट' में क्रिप्टोकार्य जीनस की लगभग नौ प्रजातियाँ पाई जाती हैं। हाल ही में खोजा गया 'क्रिप्टोकार्य मुथुवरियाना' वृक्ष लगभग 10 से 15 मीटर की ऊँचाई तक बढ़ता है और इसकी पत्तियाँ बहुत अधिक चौड़ी नहीं होती हैं।